# BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 10 जून 2025 | थाना कोतवाली नगर

## अपहरण कर 70 हजार रुपये की रंगदारी लेने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस बरामद ।

अवगत कराना है कि दिनांक 09-06-2025 को वादी नीरज कुमार पुत्र राजपाल सिंह निवासी ग्राम दत्तयानी थाना अहमदगढ जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना कोतवाली नगर पर तहरीर दी गयी कि वह दिनांक 08-06-2025 को अपने एक दोस्त के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित ओयो होटल में गया था, जहां पर उसका दोस्त उसे छोडकर वापस चला गया तथा एक लडकी से मिलने होटल के अन्दर कमरे में चला गया। होटल के अन्दर कमरे मे पहले से ही मौजूद विनीत पुत्र सुरेश, सचिन पुत्र सोहनपाल, दीपक पुत्र गजराज, अकिंत पुत्र रमेश, मोनू पुत्र चमन, सुमित पुत्र हेमी, बंटी पुत्र योगेश निवासीगण ग्राम किशनपुर थाना जहांगीराबाद बुलन्दशहर व सौरभ निवासी ग्राम बागौरा थाना जाहंगीराबाद बुलन्दशहर द्वारा उसके साथ मारपीट कर गाडी में डालकर ले गये तथा जान से मारने की नियत से अंगोछे से गला दबा दिया तथा फिर मुझे ट्यूवबैल पर लेजाकर बांध दिया तथा 70 हजार रुपये की मांग की गयी तथा दिनांक 09-06-2025 तो 70 हजार रुपये लेकर इन लोगो ने मुझे छोड दिया। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मुअसं 526/25 धारा 191(2), 115(2), 109(1), 127(2), 140(1), 351(3), 308(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के क्रम में आज दिनांक 10.06.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा 04 अभियुक्तों को मामन रोड से अवैध असलाह कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. विनीत पुत्र सुरेश किशनपुर थाना जहाँगीराबाद जनपद बुलन्दशहर।
2. सचिन पुत्र सोहनपाल निवासी किशनपुर थाना जहाँगीराबाद जनपद बुलन्दशहर।
3. सौरभ पुत्र बलराम सिंह निवासी धनौरा थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।
4. राहुल पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी लुहारली थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर।

### बरामदगी-

1. 02 तमंचे 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस

### गिरफ्तार अभियुक्त विनीत का आपराधिक इतिहास-


1. मु0अ0सं0- 247/2020 धारा 323,504,506 भादवि थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर
2. मु0अ0सं0- 0419/2023 धारा 323,324,352,506 भादवि थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर
3. मु0अ0सं0- 0013/2020 धारा 323,506 भादवि थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री धर्मेन्द्र सिंह राठौर प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर
2. उ0नि0 कपिल कुमार बालियान, उ0नि0 मोहित कुमार
3. है0का0 कुलदीप राठी, का0 सुधीर, का0 गगन, का0 ब्रजभूषण, है0कां0 हितेश





**मीडिया सेल बुलंदशहर**